फर्द अहकाम

कार्यालय सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक) गिर्वा, उदयपुर

प्रार्थीः– सुनील विपक्षीः– दिलखुश

किस्म मुकदमाः–वाद पत्रावली संख्याः–154/19 सनः– 2019

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 25.11.2019 पत्रावली पेश हुई। वादी अधिवक्ता उपस्थित। प्रकरण **में** दिनांक 25.02.10 को जारी प्रारम्भिक डिक्री की पालना में दिनांक 07.08.19 को तहसीलदार गिर्वा की रिपोर्ट प्राप्त हुई। तहसीलदार गिर्वा की रिपोर्ट पर वादी अधिवक्ता द्वारा दिनांक 15.10.19 को बहस प्रस्तुत की गई। प्रकरण आज वास्ते आदेश नियत है। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजों एवं तहसीलदार रिपोर्ट का पुनः अवलोकन किया गया। तहसीलदार रिपोर्ट में यह अंकित किया है कि ग्राम सवीना खेडा के राजस्व रिकोर्ड अनुसार वादग्रस्त आ0न0 451 रकबा 0.2800 हेक्टेयर भूमि किस्म आबादी होकर नगर विकास प्रन्यास उदयपुर के नाम दर्ज रिकोर्ड है। मौके पर सम्पूर्ण आराजी पर मकानात बने हुए है। जिससे प्रारम्भिक डिक्री की पालना नहीं होने से रिपोर्ट, जमाबन्दी नकल एवं पक्षकारान को जारी सूचना पत्र संलग्न पेश है। न्यायालय द्वारा रिपोर्ट के साथ संलग्न मौजा सवीनाखेडा की वर्तमान जमाबन्दी नकल संवत 2070–73 खाता संख्या नई 337 को देखने पर भी यही जाहिर आया कि उक्त आ0न0 451 रकबा 0.2800 हेक्टेयर भूमि किस्म आबादी होकर नगर विकास प्रन्यास उदयपुर के नाम दर्ज रिकोर्ड है। वादी अधिवक्ता द्वारा तहसीलदार रिपोर्ट पर अपनी बहस में यह कथन किया कि भूमि की किस्म वाद पेश होने के समय आबादी नही थी अतः बंटवाडे हेतु पुनः तहसीलदार गिर्वा को लिखा जावे। न्यायालय द्वारा बहस पर मनन किया गया। न्यायालय का निष्कर्ष है कि वादग्रस्त भूमि की किस्म आबादी होकर वर्तमान में नगर विकास प्रन्यास उदयपुर के नाम दर्ज होने एवं मौके पर भी मकानात बने होने से, मौके पर भी भूमि आबादी की हो जाने से, न्यायालय हाजा के वाद श्रवण क्षेत्राधिकार में नहीं रही है। अतः तहसीलदार गिर्वा की रिपोर्ट अनुसार भूमि वर्तमान में आबादी की होकर न्यायालय हाजा के श्रवण क्षेत्राधिकार में नही होने से वादी का वाद क्षेत्राधिकार के अभाव में इसी स्टेज पर खारिज किया जाता है। पर्चा डिक्री जारी हो। प्रकरण फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। निर्णय सरे इजलास सुनाया गया। डॉ. मंजु (आई.ए.एस.) **सहायक कलक्टर (फा.ट्रे.)** **गिर्वा– उदयपुर**	

Signature Not Verified
Digitally signed by Manju
Date: 2020.01.20 13:09:30 IST
Reason: SelfAttested